**सार-समाचार**

## टाइम बैंक का निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**बीकानेर** । टाइम बैंक ऑफ इंडिया बीकानेर चैप्टर की मासिक बैठक एवम् निःशुल्क चिकित्सा शिविर अपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर (टाइम बैंक ऑफ इंडिया के एमओयू पार्टनर) में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में एडमिन श्याम सुन्दर सुथार ने टाइम बैंक ऑफ इंडिया की मूल अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि टाइम बैंक में सेवा का आदान-प्रदान, समय का सम्मान बिना धन के, केवल सेवा से किया जाता है। उन्होने बताया कि टाइम बैंक में ना कोई सदस्यता शुल्क, ना कोई सेवा शुल्क, एकदम फ्री, इसमें केवल आपके कीमती समय का आदान प्रदान किया जाता है। टाइम बैंक ऑफ इंडिया (पंजीकृत ट्रस्ट) एक राष्ट्रीय अभियान है जो स्वैच्छिक सेवा के लिए समय को मुद्रा मानता है। आर के शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर अपेक्स हॉस्पिटल निःशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर की जाँच एवम् के डा. राजेन्द्र बिश्नोई द्वारा चिकित्सीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में बेसिक लाइफ सपोर्ट ट्रेनिंग के साथ सीपीआर विधि पर विस्तृत प्रकाश डाला व डमी के माध्यम से समुचित प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर हॉस्पिटल अधीक्षक डा. गुरजीत कौर ने अपेक्स हॉस्पिटल, बीकानेर में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं की जानकारी देते हुए टाइम बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए एमओयू के अधीन उनके सदस्यों को उपलब्ध विशिष्ट सुविधा एवम् रियायतों पर प्रकाश डाला व डॉक्टर्स टॉक के दौरान डेन्टल हेल्थ (ओरल हाइजिन) बाबत विस्तार से बताया। अस्पताल प्रशासन द्वारा इस शिविर में सहभागिता के लिए उपस्थितों के प्रति व एडमिन सुथार द्वारा अपेक्स हॉस्पिटल चिकित्सक व स्टाफ कके डॉक्टर ध् स्टाफ के आभार प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में टाइम बैंक ऑफ इंडिया बीकानेर चेप्टर के श्याम सुन्दर सुथार (एडमिन), एम. के. गुप्ता, आर के शर्मा, मेवा सिंह, विनोद कुमार शर्मा, चन्द्र शेखर आचार्य, मांगी लाल सेवग, नीरज चौहान, सुनील गुप्ता, अनुराग नागर, कल्याण राम सुथार, श्रीमती सुनीता सुथार के अलावा श्रीमती पुष्पा सहित डा. गुरजीत कौर, डा. राजेन्द्र बिश्नोई, डा. भानु प्रकाश जयराम, मोहित दीक्षित, योगेश पंवार एवम् सपोर्ट स्टाफ ने सहभागिता की।

## सूर्य कैलेंडर व थैले का विमोचन

**बीकानेर** । माघ मास की शुक्ल सप्तमी 25 जनवरी रविवार को शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के वार्षिक पर्व सूर्य सप्तमी को निकलनी वाली भगवान सूर्य नारायण की रथ यात्रा के दौराण नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट, गंगादास सेवग मेमोरियल ट्रस्ट व मारवाड़ी गूप्र द्वारा सुर्य भगवान वार्षिक कैलेंडर व संदेश लिखे प्लास्टिक् मुक्त थैले वितरण होगे। संयोजक तरुण भोजक ने बताया कि शनिवार को केलेंडर व थैलो का विमोचन बीजेपी जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ , शाकद्वीपीय महासभा के महामंत्री राजेश शर्मा व ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने किया। सुमन छाजेड़ ने कहाँ सामाजिक सरोकार के लिखे संदेश थेलो के माध्यम से जन जन तक पहुंचाना का कार्य करने पर संस्था कर रही है छाजेड ने यूवा नशे से दूर रहे कर अपने जीवन का सार्थक बनाये ।महामंत्री राजेश शर्मा ने कहाँ सूर्य भगवान के वार्षिक कैलेंडर से वर्ष भर की जानकारी उपलब्ध है ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने कहाँ की संस्था समय समय पर सामाजिक कार्यक्रमो के माध्यम से सेवा श्रम कार्य कर रही है धन्यवाद ऋतू ध्वज शर्मा ने ज्ञापित किया

## स्कूली बच्चों की प्रश्नोत्तरी एवं लेख प्रतियोगिता आयोजित

**बीकानेर**, 24 जनवरी। राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को संरक्षित स्मारक राव बीकाजी की टेकरी का भ्रमण करवाया गया। यहां विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान से संबंधित प्रश्नोत्तरी एवं लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस पर पारितोषिक प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर संग्रहाध्यक्ष राकेश शर्मा, शंकर दत्त हर्ष, मनोहर सिंह, राखी मोहता एवं शुभम उच्च माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक मांगीलाल मौजूद रहे।

## पलाना में दादा महासत्ता का वार्षिक मेला

**पलाना** । 31 जनवरी को होगी महाआरती, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक देशनोक, पलाना में ब्रह्मलीन गौ सेवक संत रेड़ोजी सोलंकी की स्मृति में दो दिवसीय वार्षिक मेला 31 जनवरी से शुरू होगा। यह आयोजन 1 फरवरी को सायंकालीन आरती के साथ संपन्न होगा, जिसकी शुरुआत 31 जनवरी को सुबह की महा आरती से होगी। मंदिर पुजारी गुलाब राय ने बताया कि मेले के लिए मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोजन और जलपान की विशेष व्यवस्था की गई है। हरचंद सोलंकी के अनुसार मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध किए हैं। यह वार्षिक मेला क्षेत्र की आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इसमें दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं।

## बज्जू गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान विशेष शिविर

**बज्जू** । बसंत पंचमी के अवसर पर राजस्व तहसील के बज्जू गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान विशेष शिविर-2026 का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 155 ग्रामीण लाभान्वित हुए। बज्जू तहसीलदार मदनसिंह यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने विभागीय योजनाओं में गहरी रुचि दिखाई। किसानों और पशुपालकों ने विभिन्न योजनाओं के लिए उत्साहपूर्वक आवेदन किए। इसी क्रम में आगामी शिविर 24 जनवरी को ग्राम पंचायत भवन बरसलपुर में, 7 फरवरी को बीकमपुर में और 9 फरवरी को गौडू में आयोजित किए जाएंगे। कृषि जिला विस्तार अधिकारी रामकिशोर मेहरा को इन सभी शिविरों का सह-नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित कई संबंधित विभागों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इन विभागों ने किसानों, पशुपालकों और अन्य ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उनके आवेदन स्वीकार किए।

## हिंदू सम्मेलन एक को

**बीकानेर** । राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला में बाराह महादेव बस्ती में 1 फरवरी को आयोजित हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। महंत वसुंधरानंद ब्रह्मचारी शंभू पंच अग्नि अखाड़ा ऋण मुक्तेश्वर महोदव मंदिर धोबीधोरा ने पोस्टर जारी किया। वाहन, रैली, मातृशक्ति द्वारा शोभा यात्रा व युवा रैली निकाली जाएगी। इस मौके पर रामनारायण, कैलाश, गौरीशंकर, दुष्यंत, अरूण, मोहित, रामदयाल आदि कहा कि ये आयोजन सामाजिक एकता एवं सास्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वूपर्ण कदम होगा।

एक फरवरी को बिदासर हाउस कीर्ति स्तंभ में 3.00 बजे से हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। बस्ती प्रमुख विवेक सक्सेना ने बताया कि सम्मेलन में सर्व हिंदू समाज के लोग एकत्रित होकर सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश देंगे। गायत्री माता बस्ती में 1 फरवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जारी है। इसके तहत जुगल किशोर ने शुक्रवार को भूमि पूजन और पोस्टर का विमोचन किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह बड़गुजर और कोषाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश यादव और समस्त समिति के सदस्य मौजूद थे।

## नाल एयरपोर्ट से पैसेंजर लोड चार गुणा

**बीकानेर** । नाल स्थित एयरपोर्ट के लिए यह साल बेहद उत्साहजनक संकेत लेकर आया है। जहां वित्तीय वर्ष 2023-24 में महज 6470 यात्रियों ने हवाई सफर किया था, वहीं वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर के बीच ही 32265 पैसेंजर्स ने उड़ान भरी। यानी एक साल के अंतराल में बीकानेर एयरपोर्ट से यात्री संख्या में करीब 400 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया है। यह बढ़ोतरी न केवल शहर की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूती देती है।

# कुलगुरु की शिकायत का पत्र एमजीएसयू ने दबाया

**■ राजभवन ने मांगी थी फैक्चुअल रिपोर्ट**

**बीकानेर** । महाराजा गंगासिंह विवि एमजीएसयू के कुलपति के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। बीकानेर से एक भाजपा नेता ने वीसी के खिलाफ 20 बिंदुओं में भ्रष्टाचार, नियुक्ति, वाहनों का दुरुपयोग समेत, प्रश्न-पत्र और डिग्रियों की ऊंचे दामों में छपाई समेत कई मामलों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। 28 नवंबर 2025 को ये शिकायत राजभवन पहुंची। 22 दिसंबर को राजभवन ने 5 दिन में रिपोर्ट मांगी। आज तक ये रिपोर्ट राजभवन नहीं पहुंची। कुलसचिव कार्यालय में ही 10 दिन तक राजभवन के पत्र को दबाए रखा गया।

दरअसल 28 नवंबर को शहर भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. भगवानसिंह मेड़तिया ने 20 बिंदुओं की महाराजा गंगासिंह विवि में चल रही गड़बड़ी की शिकायत कर कुलपति को हटाकर निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। शिकायत में हवाला दिया गया है कि विवि के सीक्रेसी विभाग से अब प्रश्न-पत्र, डिग्री समेत कुछ चीजों की प्रिंटिंग होती है जिसकी लागत की कोई ऑडिट नहीं होती। यही वजह है कि जो प्रिंटिंग अब तक 2 करोड़ रुपए में होती है वो अब 10 करोड़ तक होती है।

24 दिसंबर 2024 को एसीबी ने विवि में रेड डालकर 7 लाख रुपए नकद बरामद किए थे मगर बाद में एसीबी ने बिना जांच किए मामले में एफआर लगा दी। एसीबी की भूमिका की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच होनी चाहिए क्योंकि एसीबी अधिकारी भी विवि से सांठगांठ कर एफआर लगाई। विवि में रिसर्च कार्मिक के रूप में लगे अमित पांडे के रोजमर्रा के कामकाज में हस्तक्षेप की जांच हो। शिकायत के बाद 22 दिसंबर 2025 को रिपोर्ट मांगी गई मगर रिपोर्ट राजभवन नहीं भेजी गई। 7 जनवरी को एक ई-मेल विवि के कुलसचिव को भेजा गया मगर वो ई-मेल 10 दिन तक दबाए रखा। शुक्रवार तक राजभवन फैक्चुअल रिपोर्ट नहीं भेजी गई।

25 नवंबर 2025 को भगवान सिंह मेड़तिया की ओर से की गई शिकायत पर महाराजा गंगासिंह विवि में भ्रष्टाचार की शिकायत की जांच कराने। 3 दिसंबर 2025 को राइट टू इनफॉर्मेशन मामले में ई-मेल राजस्थान शैक्षिक प्रकोष्ठ मामले में जेएनयू जोधपुर में 109 गैर शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति जैसे 5 प्रकरणों पर स्पष्टीकरण मांगा गया था।

बीते 2 सालों में राजस्थान में कुलगुरुओं पर खूब सवाल उठे। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वीसी अरुण कुमार समेत 4 कुलपतियों को किसी ना किसी मामले में हटाया गया। जबकि एक कुलगुरु ने खुद ही इस्तीफा दिया था। जसवंत यादव, कुलसचिव, एमजीएस विवि ने बताया कि मैं जयपुर हूं पर ये सही है कि मुझे एक-दो दिन पहले ही इस ई-मेल की सूचना मिली। मैं वापस आकर चेक करता हूं कि वो ई-मेल कब आया। अगर छुपाने की कोशिश हुई तो मैं जरूर एक्शन लूंगा।' डॉ. भगवान सिंह मेड़तिया, भाजपा नेता ने बताया कि 'मैंने शिकायत की है मगर हैरानी इस बात की कि विवि राजभवन के पत्र को भी दबाने की कोशिश कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि राजभवन किसी आईएएस से जांच कराएगा तब हकीकत सामने आ जाएगी। भगवान सिंह मेड़तिया की ओर से लिखे गए पत्र में आरोप लगाया गया कि सरकारी वाहन 8 साल पुराना हो या 2 लाख किमी चलने पर ही बदला जाता मगर विवि में 35 लाख रुपए से नया वाहन खरीदा गया और पुराना वाहन गायब कर दिया गया। विवि के बैंक खाते दूसरे बैंक में सिर्फ कमीशनखोरी के लिए ट्रांसफर करने की कोशिश हुई। इसका विरोध भी किया था मगर पूर्व वित्त नियंत्रक के साथ मिलकर गड़बड़ी की। फर्नीचर खरीद, विवि में राजनीति शास्त्र विषय न होने पर भी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार कराया गया। राज्यपाल के सचिव के पत्र के बाद भी 5 साल से राजाराम चोयल को परीक्षा नियंत्रक बनाए रखा गया। कुलगुरु के आने-जाने के लिए स्पेशल गैलरी 30 लाख रुपए से बनाई। बीएड कॉलेजों की रिपोर्ट में गड़बड़ी की गई। बीएसएनएल से 10 लाख में होने वाले काम को 50 लाख से कराया। गार्डों की संख्या दोगुनी की। काम पर आधे भी नहीं आते। जो प्रश्न पत्र 2 करोड़ में छप रहे थे वे अब 10 करोड़ में छप रहे हैं। बीडीए के उपायुक्त और जूनियर आरएएस कुणाल राहड़ को कुलसचिव का चार्ज इसलिए दिया ताकि इस पूरे भ्रष्टाचार में लीपापोती हो सके।

प्रो. मनोज दीक्षित, कुलगुरु, एमजीएस विवि बीकानेर ने कहा कि मेरे से कोई रिपोर्ट नहीं मांगी गई। किसी और से मांगी हो तो पता नहीं। रही बात शिकायतों की ये होती रहती हैं। कोई इश्यू नहीं।'

## पूगल केंद्र पर 1.33 लाख बोरी मूंगफली की खरीद हुई

**■ 1230 किसानों ने समर्थन मूल्य पर की तुलाई, 566 किसान पंजीकृत**

**पूंगल** । यहां पूगल क्रय-विक्रय सहकारी समिति केंद्र पर समर्थन मूल्य पर मूंगफली खरीद प्रक्रिया जारी है। केंद्र पर कुल 1,33,628 बोरी मूंगफली की खरीद की जा चुकी है। इस प्रक्रिया में 1,230 किसानों ने अपनी मूंगफली तुलवाई है।

समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह शेखावत ने बताया कि पूगल क्रय-विक्रय सहकारी समिति के तहत कुल 2,066 किसान पंजीकृत हैं। इनमें से अब तक 1,500 किसानों को मूंगफली तुलाई के लिए संदेश भेजकर बुलाया गया था। हालांकि, केवल 1,230 किसान ही समर्थन मूल्य पर अपनी मूंगफली तुलवाने पहुंचे।

खरीदी गई कुल 1,33,628 बोरी मूंगफली में से 1,31,452 बोरी वेयर हाउस में जमा हो चुकी है। वर्तमान में, पूगल केंद्र से प्रतिदिन 4-5 गाड़ी मूंगफली वेयर हाउस घड़साना भेजी जा रही है और वहां जमा की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पूगल केंद्र पर समर्थन मूल्य पर मूंगफली तुलवाने वाले किसानों का 19 जनवरी तक का भुगतान उनके खातों में जमा कर दिया गया है।

समिति के व्यवस्थापक रामकिशन विश्नोई ने जानकारी दी कि अब प्रतिदिन 50 किसानों को संदेश भेजकर मूंगफली तुलाई के लिए बुलाया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि खरीद की निश्चित समय अवधि 20 फरवरी तक शेष बचे सभी 566 पंजीकृत किसानों की मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। हालांकि शनिवार को पूगल प्राईवेट मंडी में मूंगफली के भाव 7 हजार से भी ऊपर रहे। लेकिन मूंगफली की आवक बहुत ही कम रह गई है।

## कृषि प्रणाली इकाई का निरीक्षण किया

**■ डॉ धवन ने बकरी व भेड़पालन, वर्मीकम्पोसट उत्पादन सहित अन्य की जानकारी दी**

**बीकानेर** । स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ राजेंद्र बाबू दुबे ने शनिवार को विश्वविद्यालय स्थित समन्वित कृषि प्रणाली इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ दीपाली धवन ने उन्हें यूनिट में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ धवन ने यहां बकरी व भेड़पालन , अजोला फर्न यूनिट, वर्मीकम्पोसट उत्पादन सहित अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। डॉ दुबे ने कहा कि समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसान खेती के साथ पशुपालन , मत्स्य या मुर्गी पालन तथा बागवानी इत्यादि अपना कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। समन्वित कृषि आज की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय की यह यूनिट किसानों के लिए एक मॉडल की तरह कार्य करें। किसानों को समन्वित खेती के लिए प्रेरित करने हेतु आवश्यक समन्वय कर इसे और विकसित करें तथा इस यूनिट के भ्रमण के लिए किसानों को नियमित रुप से आमंत्रित करें, यहां की गतिविधियां किसानों को इस मॉडल को अपनाने हेतु प्रेरित करेगी। डॉ दीपाली धवन ने बताया कि यहां संचालित बकरी पालन इकाई में सिरोही नस्ल की बकरियां व मेमने रखे गए हैं तथा भेड़ पालन यूनिट में भी उन्नत किस्म के भेड़ रखी गई है। कुल गुरु ने मुर्गी पालन, अजोला, वर्मी कंपोस्ट सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर समुचित साफ़ सफाई, पशुओं के स्वास्थ्य देख-रेख के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी के यादव, केवीके बीकानेर प्रभारी डॉ दुर्गा शंकर, डॉ मदन लाल रेगर सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## पूजा मोदी को स्वर्ण

**बीकानेर** । पूजा मोदी को कोटा में वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी में आयोजित 18वे दीक्षांत समारोह मे राज्यपाल तथा उपमुख्यमंत्री द्वारा मास्टर इन कंप्यूटर साइंस वर्ष जून 2024 में सर्वाधिक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक एवं डिग्री से सम्मानित किया गया। शहीद मेजर जेम्स थॉमस राजकीय सीनियर हाई सेकंडरी विद्यालय, बीकानेर मे कंप्यूटर अनुदेशक के पद पर नियुक्त पूजा मोदी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी सुशील कुमार मोदी व माता श्रीमती मधु मोदी (सेवानिवृत्त अध्यापिका) को दिया है। ऑल इंडिया रिटायर्ड बैंक एंपलाइज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संगठन के सदस्य सुशील मोदी की पुत्री की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## 77 वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां

**■ उपखंड स्तरीय कार्यक्रम की पीटी परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल जारी**

**बज्जू**, उपखंड में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष भी सामूहिक कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बज्जू में आयोजित किया जाएगा। इसमें पीटी-परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण होंगे, जिनमें एनसीसी, स्काउट एवं गाइड के साथ-साथ राजकीय और निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक कैलाश खिलेरी ने बताया कि उपखंड स्तरीय यह कार्यक्रम एसडीएम सांवरमल रैगर और प्रधानाचार्य नरसिंह सोढ़ा के निर्देशन में आयोजित हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि 10 विद्यालयों के एनसीसी, स्काउट-गाइड सहित कई प्रतिभावान छात्र-छात्राएं पीटी-परेड में हिस्सा ले रहे हैं। सहप्रभारी नरेश बोपिया ने बताया कि बज्जू कस्बे के सभी राजकीय और निजी विद्यालय इस उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों को समान अवसर दिया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह से यहाँ अभ्यास जारी है, जिसमें परेड के लिए प्लाटून और कमांडरों को ड्रिल-सैल्यूट का गहन अभ्यास करवाया गया है।

## नोखा में मगनाराम केड़ली ने किया जनसंपर्क

**नोखा।** मगनाराम केड़ली ने नोखा क्षेत्र के सलुंडिया, घट्टू, सिंजगुरु, सूरपुरा, रासीसर और बीकासर सहित छह गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने 28 जनवरी को नोखा उपखंड मुख्यालय पर प्रस्तावित विशाल धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया। यह धरना-प्रदर्शन आमजन से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। इनमें शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी-बिजली की समस्याएं और नशा मुक्ति जैसे मुद्दे शामिल हैं। केड़ली ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चुनौतियां बन चुकी हैं। उन्होंने इन समस्याओं को रोकने के लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता पर बल दिया। जनसंपर्क अभियान के दौरान पोलाराम बरोड़, श्रीराम तालनिया, सद्दाम हुसैन, शिवलाल, जेठाराम, कैलाश और रविंद्र पाबूराम सहित विभिन्न गांवों से सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**बीकानेर** । पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में चल रही खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'स्पिरीट 2026' का समापन शनिवार को हुआ। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम का अहम हिस्सा है। विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास हेतु एवं प्रतिभाओं के चयन हेतु विद्यार्थियों को खेल, सांस्कृतिक एवं लिटरेरी गतिविधियों में प्रतिभागी होना चाहिए। विश्वविद्यालय, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ पाठ्योत्तर गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु सभी सुविधाओं का विकास कर रहा है ताकि विद्यार्थियों की प्रतिभाओं का निखार कर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के गतिविधियों में प्रतिभागी होने का अवसर मिल सके। अधिष्ठाता प्रो. बी.एन. श्रृंगी ने कहा कि विद्यार्थियों ने सभी खेलकूद एवं लिटरेरी प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। स्पोर्ट प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शतरंज, कब्बड़ी के साथ-साथ वाद-विवाद, क्विज, एक्सटेम्पोर, रंगोली आदि लिटेरेरी प्रतियोगिताएं तथा डिस्कस थ्रो, सोटपूट, सौ मीटर, दौ सो मीटर दौड़ के रूप में एथलीट प्रतियोगिताएं व एकल, युगल, समूह नृत्य एवं एकल गान आदि सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। खेल प्रभारी डॉ. प्रवीण पिलानियां ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में चतुर्थ वर्ष बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. (न्यू बेच) विजेता रही। छात्राओं कब्बड़ी में प्रतियोगिता तृतीय वर्ष ए.एच. टीम विजेता रही। शतरंज प्रतियोगिता में चतुर्थ वर्ष बी.वी.एस.सी. एण्ड ए.एच. टीम विजेता रही।

छात्राओं की सौ मीटर, दो सौ मीटर, आठ सौ मीटर दौड़ एवं लम्बी कूद प्रतियोगिता में शारदा प्रथम रही स्थान पर रही, भाला फेंक, गोला फेंक व डिस्कस थ्रो में संजना बिश्नोई प्रथम, चार सौ मीटर दौड़ में मीनाक्षी प्रथम, रिले दौड़ में ए.एच.डी.पी. प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही। पंद्रह सौ मीटर दौड़ में निकिता प्रथम रही।

**सार-समाचार**

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**बीकानेर**, 24 जनवरी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन, बीकानेर विकास प्राधिकरण तथा सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में रवींद्र रंगमंच पर सायं 4.45 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेलबोर्न सेकेंडरी स्कूल के संयोजन में होने वाले समारोह में एक दर्जन से अधिक विद्यालयों के लगभग 300 बच्चे देश भक्ति और संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगें। कार्यक्रम का अंतिम अभ्यास शनिवार को रवींद्र रंगमंच पर किया गया। जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक डॉ हरि शंकर आचार्य सहित ने बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन मौजूद रहेंगें।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आज

**बीकानेर**, 24 जनवरी। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार प्रातः 11:15 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि द्वारा बीकानेर पूर्व और पश्चिम के सर्वश्रेष्ठ स्कूल और कॉलेज ईएलसी तथा दोनों विधानसभा क्षेत्र के पांच-पांच नव मतदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान में माई युवा भारत द्वारा नव मतदाताओं को टी-शर्ट की प्रदान किए जाएंगे। मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई जाएगी।इस दौरान विधानसभा स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## राष्ट्रीय व्योश्री एवं एडीप योजनाः शिविर 28 को

**बीकानेर** । भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडीप योजना के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधीन कार्यरत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्कों) द्वारा आईओसीएल एवं एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के सीएसआर के माध्यम से 'सामाजिक अधिकारिता शिविर' आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जीवन सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार ने बताया कि शिविर 28 जनवरी को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित होगा। शिविर के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान और केन्द्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री अजय टम्टा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे।

## शिक्षकों को सम्मानित किया

**बीकानेर** । राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर के भूविज्ञान विभाग एवं भूविज्ञान विभाग एलुमनी सोसाइटी, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एलुमनी मीट 'जियोकनेक्ट -2026' का शनिवार को आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से आए पूर्व विद्यार्थियों, वर्तमान छात्रों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवा राम व डॉ विजय मटोरिया ने किया। मीट के दौरान पिछले दो वर्षों में विभिन्न सरकारी एवं निजी विभागों में चयनित 24 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/5115 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :23-1-26

श्रीमती रेखा दीक्षित पत्नी स्व. श्री सुभाष चन्द दीक्षित निवासी 177 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को जरिये पंजीकृत दस्तबरदारी दिनांक 18.12.2017 के द्वारा क्रय कर आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | पट्टे का विवरण | भूमि का विवरण | आवेदित भूमि का क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| श्रीगंगानगर | भू-रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा पट्टा संख्या 793 दिनांक 24.01.1990 को श्री नरेश कुमार पुत्र श्री मोहनलाल एवं पट्टा संख्या 795 दिनांक 27.01.1990 को श्री आदित्य कुमार पुत्र श्री नरेश कुमार के नाम से जारी किया हुआ है। | चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 47 किला नं. 02 में प्रत्येक माप 262.2 वर्गगज | भूखण्ड संख्या 14 व 15 पुर्नगठित माप 209.44 वर्गगज |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तद्नुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 23-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0''गुणा 45'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती चरणजीत कौर पत्नी श्री सुरेन्द्रपाल सिंह व श्री सुरेन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री मनमोहन सिंह निवासी सी-01 गुलाबी बाग, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती चरणजीत कौर पत्नी श्री सुरेन्द्रपाल सिंह व श्री सुरेन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री मनमोहन सिंह निवासी सी-01 गुलाबी बाग, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0''गुणा 45'-0''फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/5114 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :23-1-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती विनोद कुमार पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश डोडा, निवासी प्रेमनगर, गली नं. 8, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 52/58 के किला नं. 05 में माप 30 इन्टू 60 फीट भूखण्ड संख्या ए 28-29 प्रेमनगर श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय पट्टा संख्या 586 दिनांक 05.12.2012 को श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री बिहारी लाल के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्रीमती विनोद कुमारी द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत हक परित्याग पत्र दिनांक 10.03.2025 के द्वारा प्राप्त कर भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती विनोद कुमार पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश डोडा, निवासी प्रेमनगर, गली नं. 8, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1216 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/5117 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :23-1-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री आशीष कुमार मिड्ढा पुत्र श्री नरेश कुमार निवासी म.न. 6 बी, वार्ड नं. 42 ए, स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 10 में माप 30 इन्टू 50 फीट में से 25 इंटू 50 फीट, भूखण्ड संख्या 67 व 68 पार्ट, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय पट्टा संख्या 34 दिनांक 10.04.2012 को श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री महेन्द्र सिंह एवं श्री संता सिंह पुत्र श्री महेन्द्र सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री आशीष कुमार मिड्ढा द्वारा पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 04.02.2022 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री आशीष कुमार मिड्ढा पुत्र श्री नरेश कुमार निवासी म.न. 6 बी, वार्ड नं. 42 ए, स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1272 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, नोखा (बीकानेर)**

क्रमांक : न.पा.नोखा /2025/7836 **आपति आमंत्रण सूचना** दिनांक 23/01/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित तालिका में वर्णित व्यक्तियों द्वारा कार्यालय में निम्नानुसार भूमि नियमन हेतु आवेदन किया है जिनका विवरण निम्न प्रकार है-

**कृषि भूमि रूपान्तरण/ नियमन हेतु आवेदन**

| क्र. स. | नाम आवेदक | वार्ड/गली / खसरा का नाम | क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | पड़ोस की स्थिति: उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री चतुर्भुज उर्फ चतराराम पुत्र अचलाराम छिंपा | नया 177 मीन पुराना व 591 | 1400.00 | सीताराम छिपा | पुनमचन्द सोनी | महावीर जोशी | आम रास्ता |
| 2. | श्री टीकूराम पुत्र श्री मोहनराम जाट | 93,99,270/101. 388/100 | 2151.60 | छगन डागा | आम रास्ता | परमा देवी | सुरजा देवी |
| 3. | श्रीमती परगा देवी पत्नि श्री टीकूराम जाट | 93,99,270/101, 388/100 | 2154/1340 | छगन डागा | आम रास्ता | मनोहर कंवर | टिकुराम जाट |
| 4. | श्री गणेशाराम पुत्र श्री नरसीराम मेघवाल | 2154/1340 | 700.00 | मोडाराम सिवर | आम रास्ता | महेन्द्रसिंह | स्वयं की भूमि |
| 5. | श्रीमती सीमा कंवर पत्नि श्री हेमसिंह राजपूत | 7 नया | 2584.00 | शेराराम जाट | आम रास्ता | गेपालाराज जाट | भतरसिंह राजपूत |
| | **धारा 69-क अन्तर्गत आवेदन** | | | | | | |
| 1. | श्री रामस्वरूप बिश्नोई पुत्र श्री जयसुखराम विश्नोई | जोरावरपुरा बास नोखा | 9680.00 | रामस्वरूप विश्नोई | नथाराम ग्वारिया | आम रास्ता | किसन गम मिल |
| 2. | श्री रामस्वरूप विश्नोई पुत्र श्री जयसुखराम विश्नोई | जोरावरपुरा बास नोखा | 12800.00 | आम रास्ता | रामस्वरूप बिश्नोई | आम रास्ता | किसन गम मिल |
| 3. | श्रीमती उर्मिला देवी सेठिया पत्नि श्री सुभाष चन्द्र सेठिया | डी.एस.पी कार्यालय के पास नोखा | 20478.04 | ईश्वरलाल | विमला देवी बाहेती | नेशनल हाइवे | भवानाराम बिश्नोई |
| 4. | श्री दामोदर प्रसाद पुत्र श्री सीताराम तिवाडी | मोहनपुरा नोखा | 3200.00 | खाली जमीन | खाली जमीन | आम रास्ता | खाली जमीन |
| 5. | श्रीमती रेखा बजाज पत्नि श्री महेश कुमार बजाज | घंटाघर के पास, सदर बाजार नोखा | 1600.00 | शेष भु. सं.3 | मु.स.16 | आम रास्ता 30 | शेष मु.स.3 |
| 6. | श्री चम्पालाल पींचा पुत्र श्री आसकरण पींचा | जोरावरपुरा वास नोखा | 2123.52 | राजेन्द्र कुमार | आसकरण पिंचा | अर्जुनराम | आम रास्ता |

उपरोक्त पत्रावलियों में पालिका की मौका रिपोर्ट अनुसार भूमि आवेदनकर्ता के कब्जे में है। उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों की भूमि का नियमन / पट्टा देने बाबत् किसी भी व्यक्ति को मालिकाना हक एंव अन्य कोई आपति हो तो इस सूचना विज्ञापन के पश्चात् 07 दिवस के भीतर-भीतर अपनी लिखित आपत्ति दस्तावेजो सहित नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद उजदारी कोई आपति नही आने पर आगामी एक पक्षीय कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका नोखा**